समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# नर्सिंग दिवस पर बोले विधायक बैनीवाल : नाइटेगंल से ले प्रेरणा, नर्सिंग सेवा केवल नौकरी नहीं, यह मानवता की सेवा है।

Publisher

Published on 13 May 2025




## भादरा मे अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस 2025 पर भव्य आयोजन | विधायक बैनीवाल ने नर्सों को किया सम्मानित।

सवांदाता,भादरा,हनुमानगढ़,(राज
स्थान)

**भादरा (हनुमानगढ़):** **स्थानीय राजकीय उप-जिला चिकित्सालय** में सोमवार को **अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस** पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के **पीएमओ डॉ. संदीप पूनिया** की अध्यक्षता में समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **भादरा विधायक संजीव बैनीवाल** रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में **राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (भामस) के जिलाध्यक्ष नवीन झाझड़िया** उपस्थित थे।

**कार्यक्रम की शुरुआत और सम्मान समारोह**

कार्यक्रम का शुभारंभ **फ्लोरेसं नाइटेगंल** की प्रतिमा के समक्ष **दीप प्रज्वलन** व **पुष्पांजलि अर्पण** के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा केक काटा गया। इस अवसर पर नर्सेज एसोसिएशन की ओर से **नरेश बैनीवाल, जसवंत जांगिड़,** और **बलबीर बैनीवाल** ने विधायक **संजीव बैनीवाल** को पगड़ी पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

मुख्य चिकित्सा **अधिकारी डॉ. नवीन घणघस** और अस्पताल के अन्य चिकित्सकों ने विधायक का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। महिला नर्सिंग स्टाफ ने भी गर्मजोशी से अतिथियों का स्वागत किया।

### विधायक बैनीवाल का प्रेरणादायक संबोधन

**विधायक संजीव बैनीवाल** ने नर्सों को संबोधित करते हुए कहा, "फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नर्स को मानव सेवा को अपना कर्तव्य मानकर कार्य करना चाहिए। नर्सिंग कार्य एक साधारण नौकरी नहीं, बल्कि यह पुण्य का कार्य है।"

उन्होंने नर्सों से अपील की कि वे मरीजों को राहत देने के लिए करुणा, संवेदनशीलता और समर्पण के साथ सेवा करें। विधायक ने राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना, निःशुल्क दवा योजना आदि को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### फ्लोरेसं नाइटेगंल की प्रेरणादायक गाथा

कार्यक्रम का संचालन कर रहे नर्सेज नेता **नरेश बैनीवाल** ने फ्लोरेंस नाइटेंगल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म **12 मई 1820** को इटली में हुआ था, लेकिन उन्होंने ब्रिटेन को अपनी कर्मभूमि बनाया। **1854** के **क्रीमियन युद्ध** के दौरान उन्होंने रात के समय दीपक लेकर घायल सैनिकों की सेवा की, जिससे उन्हें "**लैडी विद द लैम्प**" की उपाधि मिली।

### चिकित्सालय निरीक्षण और सख्त संदेश

कार्यक्रम के उपरांत **विधायक संजीव बैनीवाल** ने उप-जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि "अस्पताल की व्यवस्था उत्कृष्ट होनी चाहिए। मरीजों के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार अनिवार्य है।"

विधायक ने एक चिकित्सा अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिया कि चिकित्सा सेवा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पताल को एक स्वास्थ्य और जनकल्याण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।

**उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि**
**१. अस्पताल परिसर मे नियमित रूप से साफ-सफाई हो,**
**२. शौचालयों मे जंल एवं विद्युत व्यवस्था सुचारु रहे।**

### कार्यक्रम का समापन

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नर्सों व अतिथियों को मिठाई और चाय-नाश्ता वितरित किया गया। इस आयोजन में **दिवाकर स्वामी, राकेश बिजारणिया, सुरेन्द्र जेवलिया, विक्रम गौड़, पवन आर्य, सुमन बैनीवाल, अनिता, सरोज, मदनकौर, लाली देवी, कृष्णा** सहित अनेक नर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.